भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1899

दिनांक 17.03.2025 को उत्तर देने के लिए

2047 तक 'विकसित भारत' के लिए रूपरेखा

1899. **श्रीमती संगीता यादव:**

क्या ***योजना*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं;

(ख) क्या नीति आयोग ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में नई नीतियों/योजनाओं और विधायी प्रस्तावों का, उनके संभावित योगदान के आधार पर मूल्यांकन कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ङ): सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए "विकसित भारत@2047" के नाम से एक 25 वर्ष का विज़न तैयार करने का निर्णय लिया है। यह विज़न नीति आयोग के समन्वय में सरकार द्वारा गठित 10 (दस) सचिवों के क्षेत्रीय समूह द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस विज़न का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मंत्रालयों/विभागों को अपनी योजनाएं/नीतियां तैयार करने में सक्षम बनाना है।

*****